Ans. (a) : 'राजवायु' मोबाइल एप्लीकेशन जयपुर, उदयपुर और जोधपुर शहर के वायु गुणवत्ता की जानकारी के लिए लांच किया गया है। यह राजस्थान सरकार, भारत सरकार और यूनिसेफ की संयुक्त पहल है।

87. राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना (आर.डब्ल्यू.एस.एल.आई.पी.) का वित्त पोषण किस संस्था/संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है?

(a) जापान इन्टरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेन्सी (जे.आई.सी.ए.) द्वारा
(b) जापान इन्टरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेन्सी (जे.आई.सी.ए.) व एशियन डेवलपमेंट बैंक (ए.डी.बी.)
(c) एशियन डेवलपमेंट बैंक (ए.डी.बी.) द्वारा
(d) स्वयं सहायता समूहों व एशियन डेवलपमेंट बैंक (ए.डी.बी.) द्वारा

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (a) : राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना (RWSLIP) का वित्त पोषण जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी (JICA) द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना की कुल लागत 2348.78 करोड़ है। इस परियोजना से 4.70 लाख हेक्टेयर भूमि की जल दक्षता में वृद्धि से लाभ होगा। परियोजना की अवधि 8 वर्ष होगी।

88. राज्य सरकार द्वारा 14 दिसम्बर, 2021 को राजस्थान ग्रामीण आजीविका परिषद (राजीविका) का स्टेट ब्रांड एम्बेसडर किसे बनाया गया है?

(a) ममता भारद्वाज को (b) सीमा शर्मा को
(c) रूमा देवी को (d) पूनम जैन को

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (c) : राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान ग्रामीण आजीविका परिषद का स्टेट ब्रांड एम्बेसडर रूमा देवी को बनाया गया है। रूमा देवी का हस्तशिल्प के क्षेत्र में प्रसिद्धि प्राप्त की है।

89. संयुक्त राष्ट्र (यू.एन.) सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 2021(संस्करण 2.0) में, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया?

(a) कोटा (b) चूरू
(c) झुझुनूं (d) सीकर

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (a) : संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य सूचकांक (संस्करण 2.0) में राजस्थान के कोटा जिले ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसके बाद चुरू, झुंझुनू, सीकर, गंगानगर का स्थान था। सबसे अंतिम पायदान पर जैसलमेर था। राजस्थान का समग्र स्कोर 50.63 था।

90. 26 जनवरी, 2022 को संविधान पार्क का शिलान्यास राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र द्वारा कहाँ किया गया?

(a) उम्मेद पैलेस (जोधपुर)
(b) राजभवन (जयपुर)
(c) सिटी पैलेस (उदयपुर)
(d) बृज विलास पैलेस (कोटा)

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (b) : 26 जनवरी 2022 को राजस्थान के राज्यपाल श्रीकलराज मिश्रा ने जयपुर स्थित राजभवन में संविधान पार्क का शिलान्यास किया। राजभवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज का स्तम्भ स्थापित किया जाएगा जिस पर तिरंगे से जुड़ा इतिहास प्रदर्शित होगा।

91. एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के व्यस्त हवाई-अड्डों में, जयपुर का स्थान है-

(a) 10वाँ (b) 12वाँ
(c) 14वाँ (d) 15वाँ

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (d) : एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 में भारत के व्यस्त हवाई अड्डों में जयपुर का 15वां स्थान था। जबकि शीर्ष स्थान पर दिल्ली एयरपोर्ट रहा है। मार्च 2022 में दिल्ली एयरपोर्ट विश्व में दूसरे स्थान पर रहा है।

92. डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार फरवरी 2022 में किसे प्रदान किया गया है?

(a) विजय वर्मा (b) आलोक त्रिपाठी
(c) मुरलिया शर्मा (d) दीपिका शाह

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (a) : पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र कला द्वारा दिया जाने वाला डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार फरवरी 2002 में विजय वर्मा के साथ महाराष्ट्र के डॉ. प्रकाश खांडगे को संयुक्त रूप से दिया गया।

93. ग्रीन इनर्जी कॉरिडोर राजस्थान के किन जिलों से गुजरेगा?

(a) बीकानेर, नागौर, जोधपुर (b) अलवर, भरतपुर, जयपुर
(c) जयपुर, टोंक, कोटा (d) कोटा, बारां, झालवाड़

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (a) : ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर राजस्थान के बीकानेर, नागौर, जोधपुर एवं अजमेर जिलों से होकर गुजरेगा। इसका उद्देश्य ग्रिड में पारंपरिक बिजली स्टेशनों के साथ नवीनीकरण संसाधनों जैसे पवन व सौर से उत्पादित बिजली को एकीकृत करना है।